प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
25.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रयागराज स्नान

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज प्रयागराज महाकुम्भ में अपने परिजनों के साथ त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान कर पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ हमारी समृद्ध संस्कृति, आस्था और विश्वास को प्रतिबिंबित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति सम्पूर्ण विश्व में विशिष्ट स्थान रखती है। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी व विधायक कमलेश ठाकुर, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा और प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान भी उनके साथ थे।

हड़ताल

संयुक्त पटवारी व कानूनगो महासंघ ने अपनी मांगों को लेकर आज से 27 फरवरी तक सामूहिक अवकाश का ऐलान किया है। प्रदेशभर में राजस्व विभाग के इन कर्मचारियों के अवकाश से आज कामकाज पर असर पड़ा है। पटवारियों को राज्य केडर में शामिल करने के विरोध में महासंघ ने सामूहिक अवकाश का निर्णय लिया है। ऊना में कर्मचारी महासंघ के सदस्यों ने एक बैठक कर आगामी रणनीति पर विचार विर्मश किया। बैठक में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश चौधरी ने विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने कहा कि ज़िला से राज्य केडर में बदलने का फैसला पटवारियों के पक्ष में नहीं है और यदि सरकार ने अपना फैसला वापिस नहीं लिया तो 28 फरवरी से पैनडाउन हड़ताल की जाएगी।

जगत सिंह

इस बीच राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि विभिन्न ज़िलों में कर्मचारियों की संख्या को संतुलित करने के लिए ही राज्य सरकार ने पटवारियों का कैडर बदलने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सभी से बातचीत के बाद ही ये फैसला लिया गया है और इससे पटवारी व कानूनगो को दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

किराया वृद्धि

राज्य पथ परिवहन निगम ने शिमला और इसके आस पास के क्षेत्रों में चलने वाली निगम की टैक्सियों के किराये में 10 रुपये बढ़ौतरी की है। हालांकि वरिष्ठ नागरिकों से ये किराया पुरानी दरों पर

ही लिया जाएगा। इसके अलावा संजौली और आई.जी.एम.सी. के बीच चलने वाले टैक्सियों पर भी बढ़ी हुई दरें लागू नहीं होंगी।

शिवा प्रोजेक्ट

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को शिवा प्रोजेक्ट के तहत किए जा रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज शिमला में इस परियोजना को लेकर अधिकारियों के साथ एक बैठक की और कहा कि कार्यों में देरी बर्दाशत नहीं की जाएगी। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश के सात ज़िलों में एक हजार दो सौ 92 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी शिवा परियोजना चलाई जा रही है और इसका उद्देश्य अमरूद, संतरा, लीची व पलम जैसे फलों की खेती को प्रोत्साहित कर किसान परिवारों को लाभान्वित करना है।

महाशिवरात्रि

कल महाशिवरात्रि है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व प्रदेश में मनाए जाने वाले प्रमुख त्यौहारों में से एक है और इसके माध्यम से आपसी सौहार्द को बढ़ावा मिलता है।

इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभमानाएं दी हैं।

....